विराटनगर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

पावटा। नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विराटनगर उपखंड प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से उपखंड कार्यालय विराटनगर में कानून व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी लालाराम यादव ने की। बैठक में तहसीलदार, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी, थानाधिकारी, डिप्टी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान तथा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम लालाराम यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में स्थित मतदान केंद्रों का सुरक्षा की दृष्टि से आकलन कर संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित किया जाए। ऐसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, विवाद अथवा कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों, धन-बल के इस्तेमाल, मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

कानून व्यवस्था बैठक में एसडीएम लालाराम यादव ने सख्त निर्देश दिए।

- संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रहेगी विशेष नजर

प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि नगरीय निकाय आम चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को बिना भय और दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को याद किया

चौमूं / कालाडेरा । चौमूं शहर के कचौलिया रोड स्थित विधायक कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, संचार क्रांति के जनक, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं युवा नेतृत्व के प्रतीक राजीव गांधी जी की जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक एवं मण्डल अध्यक्षों, पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित कांठोसजनों ने स्व. राजीव गांधी जी के दूरदर्शी विचारों, देश के विकास में उनके योगदान तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी ने देश की युवा शक्ति को नई दिशा देने के साथ ही आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम भारत की मजबूत नींव रखी।

सार-समाचार

हर-हर महादेव से गूंजा घाटेश्वर नाथ मंदिर, महिलाओं ने किया सहस्त्र घट

लालसोट। श्रावण मास में धर्म और आस्था का उत्साह चरम पर है। गुरुवार को घाटेश्वर नाथ महादेव मंदिर में घाटेश्वर नाथ महादेव महिला मित्र मंडल के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का सहस्त्र घट किया गया। पंडित राम खांडल के मुखारविंद से वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच महिला मंडल की सदस्यों ने भगवान घाटेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी चौबे ने बताया कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचम कांवड यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार 21 अगस्त को सुबह 6 बजे कांवड यात्रा ब्याई माता के लिए प्रस्थान करेगी। कांवड़िए वहां से पवित्र गंगाजल लेकर लौटेंगे और शाम 4 बजे घाटेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला मित्र मंडल की ओर से लगातार पांचवें वर्ष कांवड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांवड यात्रा को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है और यह आयोजन सनातन संस्कृति, शिवभक्ति और धार्मिक आस्था का संदेश देगा। सहस्त्र घट एवं धार्मिक आयोजन में लक्ष्मी चौबे, ममता चौबे, पुष्पा जोशी, मधु कोटखावदा, विजय लक्ष्मी गुद्याका, रुक्मणी शर्मा, मुनी ढाबा, मुस्कान चौबे सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

पोस्टर का विमोचन

खैरथल। पैसों के अभाव में पढ़ाई बीच में न छूटे, इसके लिए इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल ने बड़ा कदम उठाया है। संस्था ने प्रदेशभर के टैलेंटेड विद्यार्थियों के लिए ई.पी. टैलेंट सर्च एग्जाम कम स्कॉलरशिप टेस्ट 2027 की घोषणा की है। इसमें विद्यार्थी 3 करोड़ तक की स्कॉलरशिप और 15 लाख तक के नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। बुधवार को संस्था ने परिसर में 2027 के पोस्टर का विमोचन भी किया है। संस्था निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि इंजीनियर्स पॉइंट का उद्देश्य जिले और आसपास के क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा इस एग्जाम के जरिए हम मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करना चाहते हैं, ताकि वे बिना किसी रुकावट के अपना भविष्य बना सकें।

ठगी के 70 हजार रुपए पीड़ित को लौटाए

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में दत्तवास थाना पुलिस ने अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के 7 मामलों में अपराधियों के कब्जे से पीड़ितों के 70,671 रुपए बरामद किये है। दत्तवास थाना प्रभारी निरमा मीणा ने बताया कि जांच के दौरान एक नाबालिग किशोर के साइबर ठगों के संपर्क में आने और पीड़ितों से ठगी करने की बात सामने आई, पुलिस टीम को साइबर ठगी से संबंधित जानकारी मिलने पर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने किशोर के परिजनों को सूचित किया और ठगी से संबंधित पूरी जानकारी दी। इसके बाद, एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 7 शिकायतों से संबंधित कुल 70,671 रुपए की राशि पीड़ितों को वापस दिलवाई।

मोटरसाइकिल को ट्रैक्टर चालक ने कुचला

टोंक। बरोनी थाना क्षेत्र के अरावली पर्वत श्रृंखला स्थित नोहटा-पहाड़ क्षेत्र में बुधवार देर शाम को वन विभाग की टीम को कुचलने की कोशिश की गई। इस दौरान आरोपी ने मोटरसाईकिल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिसके बाद बाइक सवार कर्मचारियों ने समय रहते कूदकर जान बचाई, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। निवाई रेंजर धारीलाल ने बताया कि सिरस नाका टीम को चेजा पत्थर के अवैध खनन की सूचना मिली थी। गश्त करते हुए टीम नोहटा पहाड़ क्षेत्र में पहुंची, जहां विभाग की टीम ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चेजा पत्थर को खनन करते हुए देखने के बाद टीम ने चारों तरफ से ट्रैक्टर को घेर लिया और रुकने के लिए कहा, लेकिन चालक अंकित योगी निनाली करीरिया ने ट्रैक्टर को तेज भगाने की कोशिश की। ट्रैक्टर के सामने नाका प्रभारी रमेश ताखर और वनरक्षक ओमप्रकाश गुर्जर बाइक लेकर खड़े थे, ट्रैक्टर को देख दोनों कर्मचारियों ने बाइक से कूदकर जान बचाई। ट्रैक्टर चालक ने बाइक को कुचलता हुआ आगे चला गया, लेकिन बाइक टायरों में फंसने से ट्रॉली मौके पर पलट गई। साथी ही कर्मचारियों ने तुरंत ट्रैक्टर ड्राइवर को पकड़ा और नीचे उतारने की कोशिश करने लगे। इतने में ट्रैक्टर ड्राइवर झपट्टा मारकर मौके से फरार हा गया। बाद में वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर निवाई रेंज कार्यालय में खड़ा करवा दिया है। मामले को लेकर वन विभाग की ओर से बरोनी थाने में ट्रैक्टर ड्राइवर अंकित योगी निवासी करीरिया के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

निवाई/गुन्सी। सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चातुर्मास कमेटी गुन्सी विज्ञातीर्थ के तत्वावधान में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ के सानिध्य में भगवान नेमीनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान नेमीनाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल चढाया। विज्ञातीर्थ के कार्याध्यक्ष सुनिल भाणजा व मीडिया प्रभारी विमल जौला ने बताया कि समाजसेवी महावीरप्रसाद पराणा, राजेश सांवलिया एवं पवन सांवलिया ने भगवान नेमीनाथ के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना शुरू करवाई। प्रेमचंद जैन, राजेश जैन, पवन सांवलिया, कवि चन्द्रेश जैन, दीपक कठमाणा, मोहित जैन, विमल पाटनी व पदम टोंग्या द्वारा मूलनायक भगवान शांतिनाथ एवं भगवान नेमीनाथ जी की शांतिधारा की। उन्होंने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक करके पूजन किया। जिसमें देव शास्त्र गुरु, भगवान आदिनाथ, भगवान चंद्र प्रभु, भगवान शांतिनाथ, भगवान नेमीनाथ, भगवान पाश्वनाथ एवं भगवान महावीर स्वामी की विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की एवं गणाचार्य विराग सागर महाराज के साथ आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की महिलाओं ने श्रीफल चढाकर पूजा अर्चना की। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो सच्चे मन से भगवान की पूजा अर्चना एवं भक्ति करते हैं, उनके कार्य एवं भावनाएं सहज ही पूर्ण हो जाती है। वैसे यथार्थता तो यह है कि वीतरागी सर्व दोष मुक्त भगवान किसी का भला बुरा नहीं करते हैं, निःस्वार्थ निश्चल भक्ति से जो पुण्य का संचय होता है, उससे हमारे कार्य स्वत ही सिद्ध होते हैं।

पेड़ों की टहनियों से होने वाले हादसों को तुरंत रोको : मीणा

मनोहरपुर । मानसून के दौरान आमजन को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मनोहरपुर डिवीजन में गुरुवार को एक विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता जयपुर नॉर्थ एमएल मीणा ने की। इस दौरान विद्युत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर गहन मंथन हुआ। बैठक में अधिशाषी अभियंता राजेंद्र कुमार परेवा,सहायक अभियंता (एच टी एम) शाहपुरा मनोहर सिंह यादव सहायक अभियंता शाहपुरा हरदेव कुलदीप, सहायक अभियंता राडावास सी एम मीना सहित सभी फीडर प्रभारी, अधिकारी और एज इन्फ्रा टीम के प्रतिनिधि मौजूद रहे । सुरक्षा पहले मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि टूटे हुए तार, झुके हुए पोल और बिजली लाइनों को छू रही पेड़ों की शाखाओं से संभावित दुर्घटनाओं को तत्काल रोका जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। फीडर ट्रिपिंग, फाल्ट की त्वरित लोकेशन, मरम्मत, फाल्ट रिस्पांस टीम और उपभोक्ता शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई। एज इन्फ्रा टीम ने विद्युत नेटवर्क के डिजिटलीकरण, परिसंपत्तियों के डिजिटल रिकॉर्ड और डिजिटल मानचित्रण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कर्मचारी नेता मुकेश कुमार नटवाडिया ने बताया कि इस अवसर पर चंदवाजी के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत, कर्मचारी नेता राकेश जाट कर्मचारी नेता प्रकाश मोहनपुरिया आदि उपस्थित थे

नर्सिंग ऑफिसर 1,000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

भरतपुर (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भरतपुर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हलैना में पदस्थापित मुरारीलाल मीना, नर्सिंग ऑफिसर को परिवादी से 1,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि ए.सी.बी. चौकी भरतपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि आरोपी मुरारीलाल मीना द्वारा उसके बेरोजगारी भत्ते की उपस्थिति करने एवं उपस्थिति को ऑनलाइन करने की एवज में 500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से चार माह के 2,000 रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर ए.सी.बी. के उप महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश मीणा के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी भरतपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवाया गया।

सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा 1,500 रुपये रिश्वत राशि लेने पर सहमति जताते हुए 500 रुपये रिश्वत राशि प्राप्त की गई। मांग की पुष्टि के उपरांत ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुरारीलाल मीना, नर्सिंग ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हलैना को परिवादी से शेष 1,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि

फुलेरा। गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विधायक निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांठोस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को आधुनिक एवं प्रगतिशील दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा दिखाए गए विकास और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में जयपुर जिला देहात महिला कांठोस की अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष निरंजनलाल चौधरी, राकेश वर्मा, जितेन्द्र अग्रवाल, अब्दुल लतीफ कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली

टोंक। नगर निकाय चुनाव-2026 की घोषणा के साथ ही शहरी क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसे लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टीना डाबी ने जिले के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना करवाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी चुनाव तिथियों के मुताबिक जिले के नगर निकायों में 2 चरणों में 9 व 11 सितम्बर को मतदान होगा। जिसके लिए 10 नगर निकायों में 405 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के उपयोग पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेगा। बिना स्वीकृति के निजी वाहनों (राजनैतिक प्रचार-प्रसार हेतु), लाउडस्पीकर, राजकीय गेस्ट हाउस, डाक बंगला का उपयोग नहीं किया जाए। कोलाहल अधिनियम से संबंधित आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाएं। किसी भी सरकारी वाहन, भवन का उपयोग राजनैतिक कार्य के लिए नहीं करें। मतदाता एवं आम नागरिकों को प्रलोभन के लिए नकदी, शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातु, फ्री सामग्री आदि का वितरण नहीं किया जाएं।

किसी भी धार्मिक स्थल को भाषण, पोस्टर, संगीत आदि या निर्वाचन संबंधी कार्यों सहित निर्वाचन प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाए। ऐसी कोई भी गतिविधि आयोजित नहीं करें जिससे विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक एवं भाषाई समूहों के बीच मौजूदा मतभेद बढ़ सकते हों अथवा उनके बीच आपसी घृणा या तनाव पैदा हो।

नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टीना डाबी ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सह प्रभारियों को निर्देश जारी किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता की प्रभावी पालना, आगामी 48-72 घंटे की समय सीमा में की जाने वाली कार्रवाई, प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था समेत सभी प्रकोष्ठों के कार्यों और दायित्वों के बारे में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना के लिए पाबंद किया।

जयन्ती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया

टोंक। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सद्भावना दिवस मनाया। इस अवसर पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि राजीव गाँधी ने भारत के युवाओं में केवल भविष्य नहीं देखा, बल्कि भविष्य गढ़ने की शक्ति देखी। उन्होंने कहा कि सद्भावना दिवस युवा सोच, उस दूरदृष्टि और उस भारत के सपने को नमन, जो आज भी हर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने, नया सोचने और बड़ा सपना देखने की प्रेरणा देता है, राजीव गांधी ने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटकर 18 वर्ष की तथा पंचायती राज को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए कार्य किया, उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और सशक्तीकरण को बढ़ाने की दिशा में भी पहल की। इस मौके पर महमूद शाह, देवकरण गुर्जर, अब्दुल खालिक, जर्रार खान, इम्तियाज़ खान, मनिंदर बेरवा, मोहम्मद शकील, शबाना बी आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस दौरान कैलाशी देवी मीणा, कमलेश चावला, पंकज यादव, इरशाद खान, सूरज चौधरी, प्रिया, नफीस अहमद आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने स्वर्गीय राजीव गांधी को याद किया।

बिजली लाइन की चपेट में आया मजदूर, पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी की शरण में

भरतपुर (निसं)। शहर के सारस चौराहा पुलिस चौकी के पास मकान निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल मजदूर बादल, निवासी सेवर, के परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद ठेकेदार ने उचित इलाज कराने नहीं कराया और वहां से चला गया। परिजनों का कहना है कि बादल करीब 75 प्रतिशत तक झुलस चुका है। मथुरा गेट थाना पुलिस ने दर्ज मामले में साढे तीन महीना के बाद भी नामजद आरोपी नहीं पकडे है जिससे पुलिस कार्यवाही से नाराज होकर पीडित परिवार न्याय की आस में झुलसे हुए युवक को लेकर एसपी की शरण में में पंहुचा है। एसपी राजेश मीणा ने कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

घायल बादल एवं उसके परिजनों ने बताया कि वह मकान निर्माण के लिए मजदूरी करने गया था। काम के दौरान ठेकेदार ने उसे ऊपर छत से कट्टा लाने और उसमें बजरी भरकर ऊपर पहुंचाने के लिए कहा। एवं छत के ऊपर से जा रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन गुजरने की जानकारी नहीं दी। कट्टा लेने के दौरान वह विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और करंट लगने से मौके पर ही बेहोश हो गया। बादल के मुताबिक उसे होश भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में आया, जहां उसे बताया गया कि वह गंभीर रूप से झुलस चुका है।

मकान निर्माण के दौरान बिजली लाइन की चपेट में मजदूर आने के बाद परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया

- 75 प्रतिशत झुलसा; परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का लगाया आरोप, मथुरा गेट थाना पुलिस पर नामजद आरोपी नहीं पकड़ने का लगाया आरोप

परिजनों के अनुसार हादसे के बाद घायल को पहले अस्पताल ले जाया गया और बाद में जयपुर भी ले जाया गया। पिता किशन लाल का आरोप है कि इलाज के खर्च में। लाखो रुपए के खर्च को लेकर उन्हें परेशानी का सामना करना पडा। उन्होंने बताया कि परिवार ने ठेकेदार से इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगी, लेकिन कथित तौर पर उन्हें जिम्मेदारी दूसरे पक्ष पर डालकर टाल दिया गया।किशन लाल का आरोप है कि उनके बेटे का शरीर बुरी तरह झुलसा हुआ है और वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा है। इसके बावजूद मामले में उनकी अपेक्षा के अनुसार कार्रवाई नहीं हुई।मथुरा गेट थाने में रिपोर्ट, कार्रवाई नहीं होने का आरोप परिजनों ने बताया कि घटना को लेकर मथुरा गेट थाना पुलिस में नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन तीन से चार महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं की है और ठेकेदार को गिरफ्तार भी नहीं किया है। उनका कहना है कि पुलिस की ओर से कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन उन्हें लगातार थाने के चक्कर लगाने पड रहे हैं। इसी मामले को लेकर घायल मजदूर और उसके परिजन भरतपुर एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार एसपी ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पूर्व विधायक ने दिव्यांग राजप्रित मीणा को भेंट की स्कूटी

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को संबल प्रदान करने की दिशा में एक और संवेदनशील पहल की है। उन्होंने ग्राम मोरीजा निवासी दिव्यांग राजप्रित मीणा पुत्र सरदार मीणा को दैनिक आवागमन को सुगम बनाने हेतु स्कूटी भेंट की। इस दौरान उन्होंने राजप्रित मीणा का माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा, "नर सेवा ही नारायण सेवा है। अंत्योदय के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए समाज के हर वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुँचाना तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही हमारा मुख्य ध्येय है।" उन्होंने कहा कि शारीरिक दिव्यांगता के कारण राजप्रित जी को रोजमर्रा के कार्यों और आवागमन के लिए काफी संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत करना पड़ रहा था। इस छोटी सी पहल से अब उनका जीवन सुगम व आसान हो सकेगा और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ सकेंगे। इस अवसर पर प्रशासक मंगल चंद सैनी, पूर्व सरपंच बलवीर शर्मा, सरदार मीणा, रामलाल चोपड़ा, कैलाश चोपड़ा, सुरेंद्र स्वामी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ठाामवासी और परिवारजन उपस्थित रहे।

एक पेड़ लोकतंत्र के नाम अभियान का आगाज

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ लोकतंत्र के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो. मीनाक्षी बघेल ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हम प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। डॉ प्रभा गुप्ता ने बताया कि एक पेड़ लगाना सिर्फ पर्यावरण बचाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ लोकतंत्र की नींव रखना है। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं ईएलसी प्रभारी रूपा चौधरी ने मतदाता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण व जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान हैं। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। वहीं नशा मुक्ति नोडल अधिकारी राजेशकुमार मीणा ने युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ शरीर, स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ लोकतंत्र का संदेश दिया।

किशनगढ़बास में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी, आपसी सहमति से लम्बित मामले निपटाने पर जोर

किशनगढ़ बास। आमजन को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा सचिव अजीत कुड़ी की अध्यक्षता में आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर किशनगढ़बास में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई । सचिव अजीत कुड़ी ने बैठक में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को आपसी सहमति और समझाइश के जरिए निपटाना है। इससे आम आदमी को महंगे और लंबे मुकदमों से राहत मिलेगी। बैठक में बैंक, वित्तीय संस्थाएं, बीमा कंपनियां, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी व प्रतिनिधि शामिल हुए। सचिव ने विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बैंकों को लोन रिकवरी और एनपीए से जुड़े मामलों में नियमानुसार रियायत देकर समझौते के माध्यम से निपटारा करने के निर्देश दिए गए। वहीं सोनाटा फाइनेंस के अधिकारियों को कहा गया कि वे सूक्ष्म ऋण से जुड़े पक्षकारों से संवाद कर आपसी सहमति से समाधान निकालें। सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए कि लोक अदालत से पहले संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस तामील करवाए जाएं। साथ ही उन्हें समझाइश की जाए कि वे 12 सितंबर को आकर आपसी सहमति से अपने विवाद खत्म कराएं। राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय पाने का सबसे आसान रास्ता है। यहां न वकील की लंबी फीस, न तारीख का झंझट है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अजीत कुड़ी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने लंबित चैक बाउंस, बिजली-पानी के बिल, बीमा क्लेम, बैंक लोन, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक और अन्य सिविल मामलों को लेकर 12 सितंबर 2026 को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जरूर पहुंचें और आपसी सहमति से मौके पर ही निस्तारण कराएं और त्वरित न्याय का लाभ उठाएं।

विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सचिव अजीत कुड़ी ने बैठक में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की ।

- 12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत बैंक, बिजली, पानी, बीमा के लंबित मामले निपटारे पर सचिव ने विभागों को दिए निर्देश

बैठक में जेडीवीएनएल के अधिशासी अभियंता रामरतन वर्मा, एसबीआई किशनगढ़बास शाखा प्रबंधक एस.एन. हुंदीवाल, केनरा बैंक प्रबंधक हितेश कुमार शर्मा, इंडियन ओवरसीज बैंक प्रबंधक राज किरण, पीएनबी प्रबंधक लेखराम और राघवेन्द्र तिवारी, यूको बैंक प्रबंधक पंकज मीणा तथा एसबीआई खैरथल के मेघ सिंह सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।